# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था
# (Indian Constitution & Polity)

## 9. मौलिक अधिकार

1. मौलिक अधिकारों की रक्षा की व्यवस्था किस अनुच्छेद के अंतर्गत की गई है?
   **(a) अनुच्छेद 32**
   (b) अनुच्छेद 36
   (c) अनुच्छेद 23
   (d) अनुच्छेद 35
2. मौलिक अधिकार 'संविधान की चेतना' हैं। उक्त कथन किसका है ........?
   (a) बी. आर. राव
   (b) जे. एन. नेहरू
   (c) राजेन्द्र प्रसाद
   **(d) अम्बेडकर**
3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा मौलिक अधिकारों की माँग किस अधिवेशन में की गई?
   (a) 1918 के बम्बई अधिवेशन में
   (b) 1955 के तमिलनाडु अधिवेशन में
   **(c) 1931 के कराची अधिवेशन में**
   (d) इनमें से कोई नहीं
4. किसी व्यक्ति को प्राण या दैहिक स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जाएगा, अन्यथा नहीं। वर्णित है –
   (a) अनुच्छेद – 24
   **(b) अनुच्छेद – 21**
   (c) अनुच्छेद – 22
   (d) अनुच्छेद – 23
5. मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए स्थगन आदेश जारी करने का अधिकार उच्च न्यायालय को किस अनुच्छेद के तहत दिया गया है?
   (a) अनुच्छेद – 32
   (b) अनुच्छेद – 225
   (c) अनुच्छेद – 229
   **(d) अनुच्छेद – 226**
6. मूल अधिकारों को सर्वप्रथम पूर्ण संवैधानिक स्तर प्राप्त हुआ?
   (a) भारत में
   (b) आयरलैण्ड में
   **(c) अमेरिका में**
   (d) फ्रांस में
7. भारतीय संविधान मान्यता देता है –
   (a) धार्मिक, भाषायी और नृजातीय अल्पसंख्यकों को
   (b) केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों को
   (c) केवल भाषायी अल्पसंख्यकों को
   **(d) धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों को**
8. नागरिकों द्वारा अपने मूल अधिकारों की रक्षा की जा सकती है–
   (a) इसकी रक्षा स्वत: ही हो जाती है।
   **(b) सुप्रीम कोर्ट में जाकर जो अपयुक्त रिट जारी करती है।**
   (c) सुप्रीम कोर्ट संसद को निर्देश देती है।
   (d) कार्यपालिका न्यायालयों को सूचना देती है।
9. अनुच्छेद–352 के तहत आपात काल लागू होने की स्थिति में कौन सा मौलिक अधिकार निलंबित नहीं होता?
   (a) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
   **(b) अपराधों में दोषी सिद्ध होने पर रक्षा**
   (c) समानता का अधिकार
   (d) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
10. अनुच्छेद 19 के तहत प्राप्त अधिकारों में कौन सम्मिलित नहीं है?
    1. निवास की स्वतंत्रता 2. प्रेस की स्वतंत्रता
    3. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता 4. व्यवसाय की स्वतंत्रता
    कूट –
    (a) केवल 3
    (b) केवल 2
    **(c) केवल 4**
    (d) इनमें से कोई नहीं
11. संविधान के खण्ड तीन में वर्णित कौनसा अनुच्छेद इसके धर्मनिरपेक्ष चरित्र पर बल देता है –
    (a) 14 से 19
    (b) 45 से 48 ए
    (c) अनुच्छेद 8 से 11
    **(d) 25 से 28**
12. मौलिक अधिकारों को अनुमति है –
    **(a) संविधान की**
    (b) सरकार की
    (c) सर्वोच्च न्यायालय की
    (d) बहुमत की
13. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में प्रयुक्त समाजवाद शब्द को निम्नलिखित किस अनुच्छेद/अनुच्छेदों के साथ मिलाकर पढ़ने से सर्वोच्च न्यायालय को समान कार्य के लिए समान वेतन को मौलिक अधिकार परिभाषित करने की शक्ति प्राप्त हुई?
    (a) अनुच्छेद 14, 15 तथा 16
    (b) अनुच्छेद 14
    **(c) अनुच्छेद 14 तथा 16**
    (d) अनुच्छेद 14 तथा 15
14. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में संविधान की सर्वोच्चता सुनिश्चित करना है?
    **(a) मौलिक अधिकार**
    (b) मौलिक कर्तव्य
    (c) राज्य के नीति निदेशक तत्व
    (d) ये सभी

15. निम्नांकित अधिकारों में से कौनसे अधिकार भारत में सभी व्यक्तियों को उपलब्ध नहीं है? नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिए -
   1. विधि के समक्ष समानता
   2. भेदभाव के विरूद्ध अधिकार
   3. देश भर में स्वतंत्र भ्रमण की स्वतंत्रता
   4. चुनाव लड़ने का अधिकार

   कूट -
   **(a) 2, 3, 4**
   (b) 1, 2, 3
   (c) 1, 2, 4
   (d) 1, 3, 4
16. भारत का संविधान स्पष्ट: प्रेस की आजादी की व्यवस्था नहीं करता है, किन्तु यह आजादी अंतर्निहित है -
   (a) अनुच्छेद 19 (1) द में
   **(b) अनुच्छेद 19 (1) अ में**
   (c) अनुच्छेद 19 (1) स में
   (d) अनुच्छेद 19 (1) ब में
17. निम्नलिखित में से कौनसा मूल अधिकार विदेशी नागरिकों को प्राप्त नहीं है?
   (a) शोषण के विरूद्ध अधिकार
   (b) विधि के समक्ष समानता
   **(c) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार**
   (d) प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार
18. भारतीय संविधान में संशोधन करके शिक्षा का अधिकार कब जोड़ा गया?
   (a) 1 दिसंबर, 2010
   **(b) 1 अप्रैल, 2010**
   (c) 1 अगस्त, 2010
   (d) 1 अक्टूबर, 2010
19. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान की मूल संरचना सिद्धान्त (बुनियादी ढ़ांचा सिद्धान्त) को प्रतिपादन निम्नलिखित में से किस मुकदमें में किया है?
   (a) शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ
   (b) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
   (c) सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य
   **(d) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य**
20. व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के लिए निम्नलिखित में से कौनसी रिट (writ) याचिका दायर की जा सकती है?
   (a) सर्टिओरेरी
   **(b) हैबियस कार्पस**
   (c) को-वारंटो
   (d) मैन्डमस
21. निम्नांकित में से किन्हें सर्वोच्च न्यायालय ने मौलिक अधिकार में रूप में मान्यता दी है?
   1. आवास का अधिकार
   2. विदेश यात्रा का अधिकार
   3. समान कार्य के लिए समान वेतन का अधिकार

   नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए -
   (a) 2 तथा 3
   (b) 1, 2 तथा 3
   **(c) 1 तथा 2**
   (d) 1 तथा 3
22. धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के प्रावधान के अंतर्गत सम्मिलित है -
   1. प्रचार करने का अधिकार।
   2. सिक्खों को 'कृपाण' धारण करने एवं रखने का अधिकार।
   3. राज्यों को समाज-सुधारक विधि निर्माण का अधिकार।
   4. धार्मिक निकायों को लोगों का धर्म परिवर्तन कराने का अधिकार।

   नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए -
   (a) 3 और 4
   (b) 2, 3, और 4
   **(c) 1, 2 और 3**
   (d) उक्त सभी
23. मौलिक अधिकारों का प्रमुख उद्देश्य है -
   (a) न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करना
   (b) समाज के समाजवादी ढ़ाँचे को बढ़ावा देना
   **(c) व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सुनिश्चित करना**
   (d) उपर्युक्त सभी को सुनिश्चित करना
24. निम्नलिखित में से किसको संविधान द्वारा मौलिक अधिकारों को लागू करने की शक्ति दी गई है?
   (a) संसद को
   (b) राष्ट्रपति को
   **(c) सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों को**
   (d) भारत के सभी न्यायालयों को
25. स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार में शामिल नहीं है -
   **(a) अन्त:करण की स्वतंत्रता**
   (b) प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता
   (c) बन्दीकरण एवं नजरबंदी के विरूद्ध संरक्षण
   (d) विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
26. भारतीय संविधान में उल्लिखित किस प्रकार के मौलिक अधिकारों पर अधिक बल दिया जाता है?
   (a) राजनीतिक एवं सामाजिक
   (b) राजनीतिक एवं आर्थिक
   **(c) आर्थिक एवं सामाजिक**
   (d) सामाजिक एवं नैतिक

27. संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों को संशोधित करने का अधिकार मात्र –
   (a) सर्वोच्च न्याययालय को है।
   **(b) संसद को है।**
   (c) प्रधानमंत्री को है।
   (d) राष्ट्रपति को है।
28. सम्पत्ति का अधिकार है –
   (a) एक प्राकृतिक अधिकार
   (b) एक मौलिक अधिकार
   **(c) एक विधिक अधिकार**
   (d) इनमें से कोई नहीं
29. मौलिक अधिकारों के बारे में सुनवाई करने का अधिकार निम्न को प्रदान किया जाता है?
   (a) प्रधानमंत्री
   **(b) सर्वोच्च न्यायपालिका**
   (c) उच्च न्यायालय
   (d) इनमें से कोई नहीं
30. निम्नलिखित में से कौन संविधान द्वारा प्रदत्त शोषण के विरूद्ध अधिकार से संबंधित नहीं है?
   1. बलात् श्रम एवं मानव की अवैध तस्करी का प्रतिषेध
   2. अस्पृश्या का उन्मूलन
   3. अल्पसंख्यकों के हितों के संरक्षण का अधिकार
   4. कारखानों एवं खानों में बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध

   नीचे दिए गए कूटों में सही उत्तर का चयन कीजिए –
   (a) 1 एवं 4
   (b) 1 एवं 2
   **(c) 2 एवं 3**
   (d) 2, 3 एवं 4
31. भारतीय संविधान में बंदी प्रत्यक्षीकरण लेख केवल कौन जारी कर सकता है?
   (a) उच्च न्यायालय
   **(b) सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय**
   (c) सर्वोच्च न्यायालय
   (d) अधीनस्थ न्यायालय
32. भारत के संविधान का भाग III सम्बद्ध है ............?
   (a) मूल कर्तव्यों से
   (b) नागरिकता से
   (c) राज्य के नीति निर्देशक तत्वों से
   **(d) मूल अधिकारों से**
33. भारतीय संविधान के मूल अधिकारो को केवल तब निलंबित किया जा सकता है, जब –
   (a) जब संसद द्वारा एक अभियान पारित कर दिया गया हो।
   **(b) जब राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा हो गई हो।**
   (c) जब सर्वोच्च न्यायालय ने कोई निर्णय सुनाया हो।
   (d) जब संविधान में संशोधन किया गया हो।
34. भारत में मौलिक अधिकारों के संबंध में निम्न वक्तव्यों पर विचार कीजिए –
   1. यह राज्य कृति के विरूद्ध एक गारंटी है।
   2. यह संविधान के भाग III में सूचित है।
   3. ये सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करते हैं।
   4. यह अमेरिका में अधिकारों के बिल की भाँति नहीं है।

   कूट –
   (a) 2 तथा 3 सही है।
   (b) 1, 2 तथा 3 सही है।
   (c) 2, 3 तथा 4 सही है।
   **(d) 1 तथा 2 सही है।**
35. विधि के सामने समानता का अधिकार है –
   (a) सामाजिक आधार
   (b) राजनीतिक अधिकार
   (c) आर्थिक अधिकार
   **(d) नागरिक अधिकार**
36. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार संविधान के किन अनुच्छेदों में वर्णित है?
   (a) अनुच्छेद 23 से 24
   (b) अनुच्छेद 19 से 22
   **(c) अनुच्छेद 25 से 30**
   (d) अनुच्छेद 14 से 18
37. संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा सिखों द्वारा कृपाण धारण करना धार्मिक स्वतंत्रता का अंग माना गया है?
   **(a) अनुच्छेद 25**
   (b) अनुच्छेद 24
   (c) अनुच्छेद 27
   (d) अनुच्छेद 26
38. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार किस अनुच्छेद द्वारा किया गया है?
   **(a) अनुच्छेद 25**
   (b) अनुच्छेद 20
   (c) अनुच्छेद 22
   (d) इनमें से कोई नहीं
39. निम्नलिखित मौलिक अधिकारों में से किसे डॉ. बी. आर. अम्बेडकर ने संविधान का ह्दय एवं आत्मा की संज्ञा दी?
   (a) शिक्षा का अधिकार
   (b) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
   (c) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
   **(d) सम्पत्ति का अधिकार**

40. व्यक्तिगत स्वतंत्रता के लिए निम्नलिखित में से कौनसी रिट (Writ) याचिका दायर की जा सकती है?
**(a) हेबियस कॉर्पस**
(b) सर्शियोरेरी
(c) मैण्डमस
(d) को वारण्टो

41. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए -

| सूची-I (मौलिक अधिकार) | सूची-II (अनुच्छेद) |
|---|---|
| (i) समता का अधिकार | 1. अनुच्छेद 14-18 |
| (ii) वाक् स्वातंत्र्य अधिकार | 2. अनुच्छेद 25 |
| (iii) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार | 3. अनुच्छेद 32 |
| (iv) संवैधानिक उपचारों का अधिकार | 4. अनुच्छेद 19 |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| **(a)** | **1** | **4** | **2** | **3** |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

42. प्रतिषेध का रिट सर्वोच्च न्यायालय अथवा उच्च न्यायालयों के द्वारा किसके खिलाफ जारी किया जाता है?
1. न्यायिक अथवा अर्द्धन्यायिक अधिकरणों के खिलाफ।
2. प्रशासनिक तथा न्यायिक अधिकरणों के खिलाफ।
3. केवल प्रशासनिक अधिकरणों के खिलाफ।
4. प्रशासनिक अधिकरणों एवं सरकार के खिलाफ।
कूट -
(a) केवल 2
(b) केवल 4
**(c) केवल 1**
(d) 1 और 4

43. संविधान के अनुच्छेद-25 के अनुसार, धर्म-स्वातंत्र्य का अधिकार किसके अधीन नहीं है?
(a) सदाचार
**(b) मानववाद**
(c) स्वास्थ्य
(d) सार्वजनिक व्यवस्था

44. भारतीय संविधान द्वारा कौनसी स्वतंत्रता की गारंटी नहीं दी गई है?
**(a) सम्पत्ति रखने, खरीदने और विक्रय करने की स्वतंत्रता।**
(b) शांतिपूर्वक तथा बिना शस्त्रों के एकत्रित होने की स्वतंत्रता।
(c) किसी व्यापार के करने की स्वतंत्रता।
(d) देश में इच्छानुसार घूमने फिरने की स्वतंत्रता।

45. आपातकाल के दौरान कौनसा मौलिक अधिकार स्थगित नहीं होता है?
(a) अनुच्छेद 21
(b) अनुच्छेद 20
**(c) (a) और (b) दोनों**
(d) इनमें से कोई नहीं

46. सुपीम कोर्ट ने अपने किस पैसले में यह निर्णय किया है कि शिक्षा पाने का अधिकार अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है?
(a) मिनर्वा मिल बनाम उत्तर प्रदेश
(b) मोहिनी जैन बनाम कर्नाटक राज्य
**(c) गोपालन बनाम मद्रास राज्य**
(d) इनमें से कोई नहीं

47. यदि संसद के विशेषाधिकारों तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों में कोई टकराव होता है, तो किसे प्राथमिकता प्रदान की जाएगी?
**(a) संसद के विशेषाधिकारों को**
(b) मूल अधिकारों को
(c) दोनों को
(d) दोनों में से किसी को नहीं

48. सैनिक बल के संदर्भ में मौलिक अधिकारों को कौन परिवर्तित कर सकता है?
(a) रक्षामंत्री
(b) सर्वोच्च न्यायालय
(c) राष्ट्रपति
**(d) संसद**

49. संविधान के अनुच्छेद 14 में प्रयुक्त 'विधि के सम्मुख समानता' शब्द किस संविधान से लिये गये हैं?
(a) ऑस्ट्रेलिया
(b) स्विट्जरलैंड
**(c) ब्रिटेन**
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

50. आपातकाल में नागरिक के मौलिक अधिकार को -
(a) निरर्थक हो जाते हैं।
**(b) स्थगित किया जा सकता है।**
(c) समाप्त किया जा सकता है।
(d) इसके बारे में संविधान मौन है।

51. मूल अधिकारों का संरक्षक है ........?
(a) संसद
(b) राष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री
**(d) उच्चतम न्यायालय**

52. भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों को निलंबित कौन कर सकता है?
(a) संसद
(b) स्पीकर
**(c) राष्ट्रपति**
(d) सर्वोच्च न्यायालय

53. किस संविधान संशोधन द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मूलाधिकारों की सूची से हटाया गया?
**(a) 44वें**
(b) 47वें
(c) 40वें
(d) 42वें

54. मूल अधिकारों को प्रवर्तित करने के लिए 'रिट' जारी कर सकते हैं?
(a) राष्ट्रपति
(b) जिला न्यायालय
**(c) उच्चतम और उच्च न्यायालय दोनों**
(d) केवल उच्चतम न्यायालय

55. समानता का अधिकार संविधान के निम्न अनुच्छेदों में से किसके अंतर्गत दिया हुआ है?
1. अनुच्छेद 13 2. अनुच्छेद 14
3. अनुच्छेद 15 4. अनुच्छेद 16
कूट -
(a) 1, 2 और 3
**(b) 2, 3 और 4**
(c) 1 और 2
(d) सभी चारों

56. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए -

| सूची-I (संवैधानिक प्रावधान) | सूची-II (स्रोत) |
|---|---|
| (i) मौलिक अधिकार | 1. ब्रिटिश संविधान |
| (ii) राज्य की नीति के निदेशक तत्व | 2. कनाडा का संविधान |
| (iii) मंत्रिमंडलीय सरकार | 3. आईरिश संविधान |
| (iv) केन्द्र-राज्य संबंध | 4. अमेरिकी अधिकार पत्र |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| **(d)** | **4** | **3** | **1** | **2** |

57. सम्पत्ति के मौलिक अधिकार को कब समाप्त किया गया?
(a) 1973 में संविधान के 318वें संशोधन द्वारा
**(b) 1978 के संविधान के 44वें संशोधन द्वारा**
(c) 1982 के संविधान के 16वें संशोधन द्वारा
(d) इनमें से कोई नहीं

58. निम्नलिखित में से किसने भारतीय न्यायालय को समान कार्य के लिए समान वेतन का मौलिक अधिकार निगमन करने हेतु सक्षम किया?
(a) संविधान की प्रस्तावना में प्रयुक्त समाजवादी शब्द
(b) (a) को संविधान के अनुच्छेद 14 के साथ मिलाकर पढ़ना
(c) (a) को संविधान के अनुच्छेद 16 के साथ मिलाकर पढ़ना
**(d) (a), (b) और (c) सभी को मिलाकर पढ़ना**

59. भारत में समाचार पत्रों का स्वातंत्र्य -
(a) संविधान के अनुच्छेद 361क में उपबंधों द्वारा प्रत्याभूत है।
(b) देश में विधि के शासन के प्रवर्तन से उद्भूत है।
**(c) संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) में विशेष रूप से उपबंधित है।**
(d) संविधान के अनुच्छेद 19(1)(b)(a) में प्रत्याभूत अभिव्यक्ति के व्यापक स्वातंत्र्य में निहित है।

60. निम्नांकित में से किन्हें सर्वोच्च न्यायालय ने मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है?
1. आवास का अधिकार
2. विदेश यात्रा का अधिकार
3. समान कार्य के लिए समान वेतन का अधिकार
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए -
(a) 2 तथा 3
(b) 1 तथा 3
(c) 1, 2 तथा 3
**(d) 1 तथा 2**

61. निम्नलिखित में से कौन संविधान के अनुच्छेद 19 में उल्लिखित स्वतंत्रता के अधिकारों में शामिल नहीं है?
(a) शांतिपूर्वक और निरायुध सम्मेलन का अधिकार।
(b) भारत के किसी भाग में विचरण एवं बसने की स्वतंत्रता।
**(c) अल्प संख्यकों को शैक्षिक संस्थाओं की स्थापना एवं उनके संचालन का अधिकार।**
(d) सम्मेलन करने या संघ बनाने की स्वतंत्रता।

62. संविधान का कौनसा अनुच्छेद दोषसिद्धि के संबंध में अभियुक्तों को दोहरे दंड एवं स्व-अभिशंसन से संरक्षण प्रदान करता है?
**(a) अनुच्छेद-20**
(b) अनुच्छेद-19
(c) अनुच्छेद-22
(d) अनुच्छेद-21

63. निम्न कथनों पर विचार कीजिए -
संविधान के अनुच्छेद 12 के अंतर्गत 'राज्य' में शामिल हैं -
1. भारत की संसद एवं सरकार
2. राज्यों की विधायिका एवं सरकार
3. भारत के सीमाक्षेत्र या भारत सरकार के अधीन स्थानीय एवं अन्य निकाय
(a) 1 एवं 2
(b) 1 एवं 3
**(c) 1, 2 एवं 3**
(d) 2 एवं 3

64. संपत्ति के अधिकार को मूल अधिकार से विधिक अधिकार में परिवर्तित कर दिया गया है, क्योंकि -
(a) इससे जनता में असंतोष बढ़ रहा था।
(b) सरकार भ्रष्टाचार पर रोक लगाना चाहती थी।
(c) इससे याचिकाओं की संख्या बढ़ गई थी।
**(d) इससे संसद एवं न्यायपालिका में टकराव होता था।**

65. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए -

| सूची-I (लेख) | सूची-II (आधार) |
|---|---|
| (i) बंदी प्रत्यक्षीकरण | 1. सार्वजनिक कर्तव्य को न निभाना। |
| (ii) परमादेश | 2. विधि के विरूद्ध किसी को विरूद्ध करना। |
| (iii) अधिकार पृच्छा | 3. अधीनस्थ न्यायालयों को किसी विषय पर विचार-विमर्श करने से रोकना। |
| (iv) प्रतिषेध | 4. लोक कार्यालय को अनाधि-कार तरीके से ग्रहण करना। |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| **(c)** | **2** | **1** | **4** | **3** |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |